<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–02.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वाराणसी से किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त करेंगे जारी, देशभर के 90 करोड़ 70 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में जायेगी राशि।
- झारखंड हाईकोर्ट में हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति की मेरिट लिस्ट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित।
- मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने सामने, कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर लगाये आरोप, भाजपा ने कहा–सत्ताधारी दलों को फर्जी वोट बैंक खिसकने का भय।
- राज्य के 10 जिलों में अब तक सामान्य से 50 फीसदी अधिक बारिश, छह अगस्त को विधानसभा में अतिवृष्टि पर होगी विशेष चर्चा।
- राज्य की तीन महिला खिलाड़ी भारतीय अंडर 20 फुटबॉल टीम में शामिल, जमशेदपुर एफसी के खालिद जमील बने भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वाराणसी से किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करेंगे। वे दो हजार दो सौ करोड़ रुपये की 52 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। इस अवसर पर श्री मोदी जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति की राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। मेरिट लिस्ट को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में 252 याचिकाएं दाखिल की गई हैं।

*******************

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर झारखंड में भी सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने सामने है। सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है। पार्टी विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप ने चुनाव आयोग के इस कदम का पुरजोर विरोध करने की बात कही है।

इधर, भाजपा एसआईआर का समर्थन करते हुए कहा है कि इससे चुनावों में पारदर्शिता आयेगी। पार्टी के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने कहा कि सत्ताधारी दलों को उनका फर्जी वोट बैंक खिसकने का भय सता रहा है।

*******************

राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। बताया जाता है कि सुबह बाथरूम में गिरने के कारण उन्हें सिर में गंभीर चोट लगी है और ब्रेन में ब्लड क्लॉट हुआ है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर दिल्ली के अपोलो हॉस्पिटल भेजा गया है।

*******************

राज्य में 9 से 11 अगस्त तक आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने इसकी तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के विशेष सचिव राजीव लोचन बख्शी ने महोत्सव की तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। मुख्य सचिव ने महोत्सव को भव्य बनाने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिये।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

झारखंड विधानसभा में पहली बार राज्य में हुई अतिवृष्टि पर विशेष चर्चा होगी। कल मानसून सत्र के पहले दिन की कार्यवाही के बाद स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो की अध्यक्षता में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में अतिवृष्टि और इससे होने वाली समस्या पर विचार के लिए छह अगस्त को दूसरी पाली में दो घंटे तक इस पर विशेष चर्चा कराने का फैसला लिया गया। गौरतलब है कि झारखंड में अब तक 770 मिलीमीटर से अधिक बारिश हो चुकी है। यह सामान्य से 49 फीसदी अधिक है। वहीं राज्य के दस जिलों में सामान्य से 50 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गयी है।

*******************

दुमका का विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम मेले में श्रद्धालुओं का आने का सिलसिला लगातार जारी है। इस बार मेले में आने वाले श्रद्धालुओं, पुरोहितों और दुकानदारों के बीच वित्तीय लेन देन डिजिटल मोड में ज्यादा हो रहा है।

*******************

राज्य की तीन महिला खिलाड़ी भारतीय अंडर 20 फुटबॉल टीम के लिए चुनी गयी हैं। इनमें गुमला की विकसित बाड़ा के अलावा जेएसएसपीएस की कैडेट बबिता और निशिमा शामिल हैं। तीनों फुटबॉलर दो से दस अगस्त तक होने वाले अंडर 20 एएफसी कप क्वालीफायर्स में भाग लेने म्यांमार पहुंच चुकी हैं। भारतीय टीम क्वालीफायर मुकाबले में तीन मैच खेलेगी। भारत का पहला मैच छह अगस्त को इंडोनेशिया से होगा।

*******************

इधर, जमशेदपुर फुटबॉल क्लब के मुख्य कोच खालिद जमील भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच बनाये गये हैं। इसकी घोषणा अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने की है। 13 वर्षों के बाद किसी भारतीय को भारतीय फुटबॉल टीम का मुख्य कोच बनाया गया है।

*******************

दलीप ट्रॉफी के लिए पूर्वी क्षेत्र की टीम की घोषणा कर दी गयी है। 23 अगस्त से शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए पूर्वी क्षेत्र की टीम में झारखंड के 6 क्रिकेट खिलाड़ियों को जगह मिली है। इस टीम के कप्तान ईशान किशन होंगे। ईशान झारखंड के जाने–माने क्रिकेटर हैं और भारतीय टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं। इनके साथ टीम में विराट सिंह, मनीषी, कुमार कुशाग्र, शरणदीप सिंह और कुमार उत्कर्ष भी शामिल होंगे।

*******************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने आइआइटी–आइएसएम धनबाद में आयोजित दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शामिल होने की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– मेडिकल कॉलेजों को मिले 57 असिस्टेंट प्रोफेसर, 110 में 53 पद रह गये खाली।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– खासमहाल नीति लायेगी सरकार।

प्रभात खबर लिखता है– राज्य 14 हजार 781 मलेरिया व 127 डेंगू से पीड़ित मिले।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– विस्थापन आयोग के गठन संबंधित नियमावली पर मंत्री ने स्वीकृति।

**************